4017(E)
15/6/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 12/06/2026 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

पथ प्रमंडल, लखीसराय अन्तर्गत Repair of Western Side Service Lane of Lakhisarai Bypass (Total Length 1.500 Km.) for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय बीड सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–16.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–1576 दिनांक–16.05.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1859(अनु०) दिनांक–05.06.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–03.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Repair of Western Side Service Lane of Lakhisarai Bypass (Total Length 1.500 Km.) for the year 2024-25 |
| 2.2 | योजना का मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, लखीसराय। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹343.295 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–3932(S) दिनांक–14.08.2024 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹339.53 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1862(अनु०) दिनांक–12.09.2024 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹339.55299 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 7.5 (Seven and Five) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 07.02.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। दिनांक–23.09.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया गया।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 03 (तीन) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd.
(2) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd.
(3) Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.

4. दिनांक–16.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 03 (तीन) निविदाकार में से 01 (एक) निविदाकार M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd. को SBD ITB Cl. 4.7 के तहत् तकनीकी बीड में असफल एवं शेष 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. एवं (2) Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1576 दिनांक–16.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–16.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd. के पत्रांक–42 दिनांक–18.05.2026 द्वारा तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध तथा तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–AECPL/RCD/LKR/26-27/14 दिनांक–19.05.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1859(अनु०) दिनांक–05.06.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–03.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवादः–** उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd. के पत्रांक–42 दिनांक–18.05.2026 एवं सफल निविदाकार Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–AECPL/RCD/LKR/26-27/14 दिनांक–19.05.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| 1. | M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd. | विषयांकित निविदा में मैं भाग लिया हूँ। इस निविदा में कुल तीन निविदाकार है, जो मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1576 दिनांक– 16.05.2026 की तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में मुझे असफल घोषित किया गया, जबकि दो अन्य निविदाकार (1) बालकृष्ण भलोटिया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड तथा (2) M/s अमर इंजिकोन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को सफल घोषित किया गया, जबकि सफल निविदाकार अमर इंजिकोन के तकीनकी बीड में Existing Commitment का गलत सूचना देने के संबंध निम्न त्रुटि है:–<br>1. उनके द्वारा मुख्य अभियंता RWD राँची द्वारा दिनांक–.19.11.2025 को ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, साहेबगंज (झारखण्ड) के अन्तर्गत (टेंडर Id-2024 RWD 88157_1) कार्य का नाम MMNSY योजनान्तर्गत करमटोला रेलवे क्रॉसिंग से रक्सी स्थान तक पथ निर्माण कार्य जिसकी लंबाई 2.074 कि०मी० एवं कार्य की राशि 2,75,44,290.29 रू० तथा कार्य पूर्ण करने समय 15 माह, कार्य आवंटित हुआ। किन्तु उनके द्वारा Existing Commitment में इस कार्य को अपलोड नहीं किया गया जो अभी वर्त्तमान में कार्य हो रहा है। इनके द्वारा इस तथ्य को छुपाया गया।<br>2. उनके द्वारा Uploaded Annual Turnover Document, Civil Contract Work से संबंधित नहीं तथा ATO from | निविदाकार Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. को Chief Engineer, RWD, Ranchi द्वारा दिनांक–24.12.2025 को कार्य प्रमंडल, साहेबगंज अन्तर्गत Construction of Road from Karamtola Railway Crossing to Rakshithan (L-2.074 km) [Tender ID 2024_RWD_88157_1] कार्य कुल राशि ₹2,75,44,290.29 रूपये एवं Work Completion period-450 days Award हुआ है। किन्तु इनके द्वारा Existing Commitment में इस कार्य को नहीं Upload किया गया है।<br>अतः इनके द्वारा Misleading & False representation दिया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है।<br>निविदाकार द्वारा Uploaded Annual Turnover Certificate UDIN-2531653ZZC9KSGCJOU दिनांक–30.11.2025 जो कि असंगत है। Uploaded Turn over में CA द्वारा Annual turn over for the past 5 year from the construction & others construction Products/services अंकित है। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| | | Operations है, जो निविदा के अनुरूप नहीं है। मेरे द्वारा Bid Capacity पर पुनः विचार किया जाय।<br>अतः श्रीमान् से आग्रह है कि निविदाकार अमर इंजिकोन एण्ड प्राइवेट लिमिटेड के तकनीकी बीड का पुनः समीक्षा कर निविदा निष्पादन करने की कृपा की जाय। | |
| 2 | Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. | Repair of Western Side Service Lane of Lakhisarai Bypass Road (Total length 1.500 Km.) for the year 2024-25 के तकनीकी बीड मूल्यांकन में M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. को Responsive घोषित किया गया है। परन्तु विभागीय पत्रांक–7930(E) दिनांक– 26.11.2025 के अनुसार SBD के Clause ITB 4.7 में स्पष्ट प्रावधान है कि Existing Commitments एवं Ongoing Works का विवरण संबंधित Engineer in Charge (Executive Engineer or equivalent)) द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना अनिवार्य है।<br>किन्तु M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. एवं M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd. द्वारा अपलोड किये गये Existing Commitment विवरण में सक्षम अभियंता/Engineer-in-Charge का प्रतिस्ताक्षर उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद संबंधित निविदाकारों के दस्तावेज तकनीकी मूल्यांकन में स्वीकार किये गये हैं, जो विभागीय निर्देशों एवं SBD | दिनांक–16.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही विभागीय Website पर प्रसाारित की गई है। निविदाकार Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. द्वारा दिनांक–20.05.2026 को 3.28 PM E-mail के माध्यम से परिवाद मुख्य अभियंता के कार्यालय में समर्पित किया गया है। विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355 (एस) दिनांक–28.10.2021 के अनुसार परिवाद प्राप्त की अन्तिम तिथि 19.05.2026 है।<br>अतः परिवाद अमान्य किया जाता है। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| | | प्रावधानों के प्रतिकूल प्रतीत होता है।<br>यह भी उल्लेखिनीय है कि आपके ही विभाग के विभिन्न पथ प्रमंडलों/डिवीजनों में इसी Clause ITB 4.7 एवं इसी प्रकार की त्रुटि के आधार पर कई निविदाकारों को पूर्व में तकनीकी बीड मूल्यांकन के दौरान अयोग्य (Disqualify) घोषित किया जा चुका है। साथ ही M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. को भी इसी प्रकार के Existing Commitment पर सक्षम अभियंता के प्रतिहस्ताक्षर नहीं रहने के कारण विभाग के अन्य कार्यों में पूर्व में Disqualify किया जा चुका है। अतः समान परिस्थिति में अलग--अलग मापदंड अपनाया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।<br>अतः श्रीमान से विनम्र अनुरोध है कि उपर्युक्त तथ्यों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए मामले की निष्पक्ष जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय। | |

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–**

विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd के पत्रांक–42 दिनांक–18.05.2026 द्वारा पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध दिये गये परिवाद को मान्य करते हुए निविदाकार Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। इस प्रकार पुनर्निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण सहिता के नियम–163 के आलोक में सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

आप्त शाखा
15.6.26

8. <u>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–</u>

8.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1859(अनु०) दिनांक–05.06.2026 के माध्यम से पुनर्निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–03.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd.** के पत्रांक–42 दिनांक–18.05.2026 द्वारा पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार **Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.** के विरूद्ध दिए गए परिवाद/आपत्ति को मान्य करने का निर्णय लिया जाता है एवं पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार **Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.** के पत्रांक–**AECPL/RCD/LKR/26-27/14** दिनांक–19.05.2026 द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–1576 दिनांक–16.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–16.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12/06/26 | 12/06/26 | 12/6/26 | 12/06/26 |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण, पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (विजय कुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>अनुश्रवण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–39/2026 4017(E) पटना, दिनांक 15/6/26

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।